हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 26 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

मार्च से शुरू होगा रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण

4



## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# पीलिया से मौतों के बाद कांग्रेस ने घेरा ननि कार्यालय, किया विरोध प्रदर्शन



निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



ननि ईई को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिला अध्यक्ष व ननि नेता प्रतिपक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में पीलिया का प्रकोप अब सिर्फ एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रह है। ऐसा लग रहा है जैसे पीलिया ने ने पूरे शहर में पांव पसार लिया है। पीलिया के कारण खटिकपारा और झंझटपारा में दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दर्जनों की संख्या में लोग पीलिया से जूझ रहे है। बढ़ते संक्रमण और लोगों की मौत के बीच अब विपक्ष भी हमलावर हो गई है। बुधवार को कांग्रेस ने नगर निगम के नवीन कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने महापौर के इस्तीफे की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए महापौर को बर्खास्त करने और दो ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**

- मांगा जिम्मेदारों का इस्तीफा

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, इस्तीफे की मांग

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक व ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने ननि ईई को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर में दूषित पानी के कारण पीलिया फैला, समय पर सूचना देने के बाद भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, नतीजतन दो लोगों की मौत हो गई। पीलिया से निपटने उचित कदम उठाने के बदले महापौर बयानबाजी कर रही है कि इस मामले में साजिश की बू नजर आती है। जो बेहद असंवेदनशील है। निगम की कार्यप्रणाली से शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड रहा है, वहीं उचित कदम उठाने के बजाए महापौर का यह रवैया बेहद खेदजनक एवं गैर जिम्मेदाराना है, एवं उस पद और प्रतिष्ठा के विपरीत है जिसकी जवाबदेही इस शहर के सम्मानित नागरिकों ने उन्हें विजय दिलाकर की थी। कांग्रेस ने मांग की है कि राज्यपाल महापौर और पेयजल सप्लाई से जुड़े एमआईसी सदस्य को इस्तीफा देने के लिए निर्देशित करें। इस्तीफा नहीं दिए जाने की स्थिति में उन्हें बर्खास्त किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने लापरवाह कर्मचारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और दो मौतों को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

#### कराना चाहिए गहन सर्वे : सिंहदेव

वहीं अब इस मामले में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का बयान आया है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि पीलिया को लेकर नगर निगम क्षेत्र से पिछले तीन-चार दिन से बहुत चिंतित करने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। संभवतः नगर निगम में दूषित जल प्रदाय हो रहा है। शहर के आखरी छोर पहले नवागढ़ तरफ से जानकारी आई जो निगम का पूर्वी हिस्सा है वहीं अब नमना से यह जानकारी आई कि वहां भी एक 13 वर्ष के बच्चे की मृत्यु हो गई है जो शहर का पश्चिमी क्षेत्र है। शहर के दोनों कोनों में से अगर इस प्रकार से दूषित पानी, पीलिया से मौत की जानकारी सामने आ रही है तो यह बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रबंधन, जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और एक गहन सर्वेक्षण कराना चाहिए। घर-घर सर्वे कराना चाहिए ताकि जानकारी लग सके कि शहर के किन क्षेत्रों में वाकई में दूषित पानी आ रहा है। एक वातावरण डर का भी बन जाता है कि पानी खराब आ रहा है, पीलिया फैल रहा है। यदि पानी ठीक है तो क्या दूसरा कारण हो सकता है, इसकी भी जांच साथ में हो जाएगी। जिस इलाके में पीलिया के लगातार वारदात हो रहे है वहां सघन जांच अभियान चलाकर खून जांच की जाए और लोगों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित हो। इसके साथ ही यह जवाबदेही भी तय होनी चाहिए कि आखिर यह लापरवाही कैसे हो रही।

#### लापरवाही के कारण बनी स्थिति

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि निगम क्षेत्र में पीलिया के दर्जनो मरीज है। इसकी शिकायत लगातार की जा रही थी लेकिन जिस तत्परता से जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ननि और पीएचई को एक्टिव होना चाहिए था वे एक्टिव नहीं हुए। इस कारण जो स्थिति बनी उससे दो लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। ननि क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ है, इनकी लापरवाही के कारण लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है। शिकायत करने पर महापौर झगड़ा करने जैसा जवाब देती है। नगर निगम में आप बहुमत में है, शहर में यदि कचरे का अम्बार है और वार्डों में सफाई नहीं हुई है तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम की है। ट्रिपल इंजन की सकरार में व्यवस्था लचर बनाकर आपने रखी है और आप दूसरे पर आरोप लगा रहे है। अक्षम जनप्रतिनिधि इस्तीफा दें, सक्षम अधिकारी व्यवस्था को सुधार करें। दो लोगों के मौत की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। कतकालो व तकिया फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई में लगे कर्मचारियों से यदि अलग अलग पूछताछ की जाए तो पता चल जाएगा की एलम, ब्लीचिंग और क्लोरीन की मात्रा में कितनी चोरी की गई।



## पीलिया संबंधी सूचना पर निगम स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीलिया के बढ़ते मरीज और दो मौतों को लेकर सामने आई जानकारी के बाद नगर निगम व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की ओर से भी बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की गई है। महापौर श्रीमती भगत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मोमिनपुरा अयान मार्ग एवं नवागढ़ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पीलिया से ग्रसित 40 से 45 मरीजों के संबंध में सूचना मिलने के बाद प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित वार्ड पार्षद से समन्वय स्थापित कर संदिग्ध घरों का चिन्हांकन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्रों में विगत 2 से 3 माह की अवधि में 40 से 45 पीलिया के प्रकरण पाए गए थे। इसके पश्चात निगम द्वारा 23 एवं 24 फरवरी को प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न घरों से कुल 35 जल नमूने एकत्रित कर शासकीय मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में ई-कोलाई बैक्टीरिया की जांच हेतु भेजे गए। 25 फरवरी को प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार 35 में से 34 नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जबकि केवल 1 नमूना स्वीकार्य सीमा से ऊपर पाया गया। इसके अतिरिक्त जल नमूनों को परीक्षण हेतु पीएचई विभाग की एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं, सूरजपुर एवं रायपुर भेजा गया है, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 23 फरवरी को प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 63 संदिग्ध महिला एवं पुरुषों के रक्त नमूने लिए गए, जिनमें से 47 व्यक्तियों की जांच की गई। परीक्षण उपरांत केवल एक व्यक्ति में पीलिया के लक्षण पाए गए, शेष में पीलिया की पुष्टि नहीं हुई। 24 फरवरी को भी 32 अतिरिक्त रक्त नमूने लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। समाचार पत्रों में खटिकपारा में 13 वर्षीय बालक एवं झंझटपारा में 40 वर्षीय व्यक्ति की पीलिया से मृत्यु की सूचना प्रकाशित होने पर स्वास्थ्य विभाग से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि दोनों मृत्यु अन्य बीमारियों के कारण हुई हैं। महापौर ने बताया है कि निगम द्वारा शहर में संचालित 2 फिल्टर प्लांट के माध्यम से प्रतिदिन 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जल की गुणवत्ता की नियमित जांच फिल्टर प्लांट एवं विभिन्न ⏭ शेष पेज 4 पर

- जल नमूनों की जांच, स्वास्थ्य शिविर आयोजन एवं सतत निगरानी जारी

## खबर संक्षेप

### होली व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**अंबिकापुर।** आगामी 4 मार्च को होली का त्यौहार एवं 21 मार्च को ईद-उल-फितर (ईद) का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 26 फरवरी को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। बैठक में आंशिक संशोधन किया गया है, बैठक 26 फरवरी को सायं 3 बजे आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्बन्धितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होने कहा गया है।

### होली के दिन जिले में नहीं बिकेगी शराब

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा होली पर्व के अवसर पर 4 मार्च दिन बुधवार को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें बंद रखी जावेगी तथा इस दिन मदिरा का विक्रय/परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

### संस्कृत विषय की हायर सेकण्डरी परीक्षा शांतिपूर्ण में संपन्न

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत दिनांक 25 फरवरी को संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के परीक्षा केन्द्र क्रमांक 01 में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। कलेक्टर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बतौली परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्था संतोषजनक एवं सुचारू पाई गई। परीक्षा केन्द्र में पंजीकृत 23 परीक्षार्थियों में से सभी 23 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने द्वारा बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा शेष परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु भी सतत निगरानी रखी जा रही है।

### डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अंबिकापुर। भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना की रूपरेखा, कानूनी प्रावधान, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स दीपक गोदे, संयुक्त निदेशक, वैद्य नाथ कुमार द्वारा ने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य निर्धारित अवधि में संपन्न होगी, जबकि द्वितीय चरण जनसंख्या गणना फरवरी-मार्च 2027 में आयोजित की जाएगी। इस बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी। इसके लिए सेंसेस मेनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन (एंड्रॉइड एवं आईओएस), स्व-गणना, वेब पोर्टल, वेब मैपिंग एप, एआई चैटबॉट तथा डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। समस्त डेटा फील्ड से सीधे डिजिटल मोड में संकलित होगा। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के कानूनी प्रावधानों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना से संबंधित समस्त जानकारी गोपनीय रहेगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। किसी भी प्रकार की जानकारी का अनधिकृत प्रकटीकरण दंडनीय होगा।

**रमजान मुबारक**

**आठवां रोजा**

आज का इफ्तार - 6.04 बजे

कल की सेहरी - 4.58 बजे

## पूंजीगत प्राप्तियों और उधार से पूरी की जा रही राजस्व की प्राप्ति : विन्धेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर सरगुजा के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता विन्धेश्वर शरण सिंहदेव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, लेकिन राज्य की असली कमाई यानी कुल राजस्व प्राप्तियां लगभग 1.43 से 1.45 लाख करोड़ हैं जिसका बड़ा हिस्सा टैक्स, जीएसटी हिस्सा और केंद्र से मिलने वाली राशि से आता है। इसका मतलब है कि बजट के शेष हिस्से को पूंजीगत प्राप्तियों और उधार से पूरा किया जाता है। इसलिए जनता को यह जानना जरूरी है कि कितनी आय स्वयं सरकार की है और कितनी उधार पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि राज्य की कुल आय जीएसटी, आबकारी कर (शराब से आय), पेट्रोल-डीजल पर वैट,



खनिज राजस्व (कोयला, लौह अयस्क आदि), स्टाम्प ड्यूटी, केंद्र सरकार से मिलने वाला हिस्सा, केंद्रीय अनुदान पर निर्भर है। वहीं बजट में मुख्य फोकस किसानों के लिए योजनाएं, युवाओं के लिए रोजगार और स्टार्टअप, महिलाओं के लिए योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी विकास है लेकिन क्या बजट संतुलित है। कितना कर्ज लिया जा रहा है, भविष्य में राज्य की वित्तीय स्थिति कैसी रहेगी यह विचारणीय है।

### संभावित मरीजों की पीलिया रिपोर्ट आई निगेटिव

**अंबिकापुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र अंबिकापुर के मोमिनपुर एवं नवागढ़ वार्ड में पीलिया के संभावित फैलाव की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। 24 फरवरी को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की 35 नर्सिंग छात्राओं द्वारा घर-घर सर्वे कर संदिग्ध मरीजों के सैंपल लिए गए। इससे पूर्व दिनांक 23 फरवरी को लिए गए पीलिया के सभी सैंपल की जांच रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र में वर्तमान स्थिति नियंत्रण में पाई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन, स्वच्छ पेयजल एवं जन-जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। नागरिकों से आह्वान किया गया है कि पीलिया के लक्षण जैसे आंखों एवं त्वचा का पीला पड़ना, कमजोरी, भूख न लगना, उल्टी अथवा बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं तथा स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## जंगल में लकड़ी लेने गई अधेड़ महिला को नर हाथियों ने कुचलकर मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/मैनपाट

जंगल में जलावन के लिए लकड़ी लेने गई महिला का हाथियों से सामना हो गया। हाथियों ने महिला को कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। महिला को मौक के घाट उतारने के बाद भी हाथी लाश को अपने पैरों से फुटबाल की तरह इधर-उधर फेंकते रहे तथा अंगों को सूंड़ से अलग कर इधर-उधर बिखेर दिया।

- सीमावर्ती कापू जंगल में मंगलवार की घटना
- चरवाहों की सूचना पर दूसरे दिन बरामद हुई लाश
- पांच दिन पूर्व से जंगल में मौजूद हैं तीन नर हाथी

मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से सक्रिय 9 हाथियों के दल के अन्यत्र जाने से पिछले तीन महीनों से हाथियों की तोड़फोड़ से राहत मिल गई थी। दल के अन्यत्र जाने के बाद लम्बे समय से एक दंतैल अकेले भ्रमण कर रहा था। पांच दिन पूर्व जशपुर एवं पत्थलगांव जंगल की ओर से पहुंचे दो नर हाथियों के आपस में मिलने के बाद हाथी आक्रामक हो गए हैं। दो दिन पूर्व तीनों दंतैल सीमावर्ती पहाड़ी चढ़कर ⏭ शेष पेज 4 पर



#### 9 हाथियों का दल ओड़िसा चला गया

लम्बे समय से मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में सक्रिय 9 सदस्यीय हाथियों का दल तीन महीने पूर्व ही उड़ीसा प्रवास पर चला गया है। हाथी हर साल ठंड के मौसम में उड़ीसा चले जाते हैं तथा गर्मी का मौसम शुरू होते ही वापस कापू जंगल लौट आते हैं तथा दिसम्बर तक मौजूद रहते हैं। इस बार हाथी समय पूर्व ही उड़ीसा प्रवास पर रवाना हो गए हैं। हाथियों की इस बार की प्रवास अवधि लम्बी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हाथियों का दल कभी भी पहाड़ी चढ़कर सीमावर्ती गांवों में पहुंच जाता था तथा घरों में लगातार तोड़फोड़ मचाता था।

#### आक्रामक हैं हाथियों का दल

लम्बे समय से दल से अलग होकर एकाकी जीवन गुजारने के कारण नर हाथियों का दल काफी आक्रामक हो गया है। पूर्व में तीनों दंतैल अलग-अलग वनों में अकेले घूम रहे थे तथा घरों में तोड़फोड़ भी मचा रहे थे। एक साथ मिलने के बाद हाथी बेहद खतरनाक हो गए हैं। हाथियों से संभावित खतरे को देखते हुए वन अमला नियमित रात में गजराज वाहन के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर हाथियों के भ्रमण का जायजा ले रहे हैं।

#### वन अमला कर रहा भ्रमण

सीमावर्ती जंगल में भ्रमण कर रहे नर हाथियों से सुरक्षा के लिए नियमित सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों को भी हाथियों से दूर रहने एवं सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। महिला की मौत सीमावर्ती कापू जंगल में हुई है।

-फेंकू चौबे

वन परिक्षेत्राधिकारी, मैनपाट



## खबर संक्षेप

### विवेकानंद कॉलेज में कार्यशाला आज

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में राज्य स्तरीय बहुविषयक कार्यशाला का आयोजन 26 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह कार्यशाला महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगी, जिसमें राज्यभर से शिक्षाविद्, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग सहभागिता करेंगे। कार्यशाला का मुख्य विषय हशैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास हेतु प्रभावी संप्रेषण कौशलह रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से अपने विचार व्यक्त करने, सही शब्दों के चयन तथा उचित माध्यम से संवाद स्थापित करने की कला से परिचित कराना है। कार्यशाला के दौरान संप्रेषण कौशल, अकादमिक लेखन, मंचीय प्रस्तुति, साक्षात्कार कौशल एवं कार्यस्थल पर संवाद की महत्ता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निर्धारित है। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### राज्य स्तरीय होली मिलन फाग प्रतियोगिता 28 को

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम बुड़ार में 28 फरवरी को राज्य स्तरीय होली मिलन फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयोजन देवालय सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी बुड़ार अनिहापारा द्वारा किया जा रहा है। आदर्श ग्राम बुड़ार के अनिहापारा में 28 फरवरी को सायं 7 बजे से फाग गायन-वादन प्रतियोगिता शुरू होगी। समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए अंक निर्धारण उच्च अनुशासन 20 अंक, भारतीय परिधान 10 अंक, वंदना 10 अंक, साज-बाज 10 अंक, फाग गीत 20 अंक, फाग गीत के भाव 10 अंक, फाग जिज्ञासा 20 अंक। कुल 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। मांदर फाग तथा ढोलक फाग के लिए पुरस्कार भी घोषित किए गए हैं।

नलजल मिशन के नल पोस्ट शो पीस, बोर पंप खराब, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग


# 1 किमी दूर ढोढ़ी का पानी पीने विवश हैं पण्डो परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/सोनहत

गर्मी की आहट के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। वर्तमान में ऐसा ही हाल पण्डोपारा का है, जो कोरिया जिले के जनपद मुख्यालय सोनहत के निकट स्थित है। यहां विशेष संरक्षित जनजाति पण्डो परिवारों को गर्मी शुरू होने से पहले ही बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र की संज्ञा प्राप्त पण्डो जनजाति को अब तक मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो पा रही हैं। जनपद मुख्यालय से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित इस बस्ती में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है।

पण्डोपारा के भुईहारीपारा मुख्य मार्ग पर भी लोगों को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जिले के विकासखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 रजौली की पण्डो बस्ती में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। हालात यह हैं कि बस्ती के करीब एक किलोमीटर दूर खेत में बने ढोढ़ी से पानी लाकर ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। गर्मी की शुरूआत के साथ ही समस्या और विकराल हो गई है। बस्ती में निवासरत मंती पण्डो, शिवबालक पण्डो, मोती पण्डो, रामकुमार पण्डो, श्याम सुंदर, सुलोचनी, जयमंगल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पीने और खाने के लिए ढोढ़ी का पानी ही सहारा है। पानी दूर से लाना पड़ता है, इसलिए अन्य घरेलू कार्यों के लिए बेहद बचाकर उपयोग करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के उपसरपंच रज्जू गुप्ता ने बताया कि नलकूप खनन के लिए पंचायत की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है।



### नलजल मिशन के नल पोस्ट बने शो पीस

ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती में घरों के सामने नलजल मिशन के तहत नल पोस्ट तो लगा दिए गए हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। ये नल पोस्ट केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। कभी-कभार इन्हें बर्तन साफ करने के लिए उपयोग कर लिया जाता है, पर नियमित जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

### बोर में लगा पंप भी खराब

पेयजल सुविधा के लिए लगाए गए बोर का पंप भी खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से एक बार पंप की मरम्मत करवाई थी, लेकिन दोबारा खराब होने के बाद अब तक सुधार नहीं हो सका है। इससे पूरी बस्ती को पेयजल संकट झेलना पड़ रहा है।

### ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर

पण्डोपारा के प्रत्येक परिवार को बस्ती से लगभग एक किलोमीटर दूर खेत में स्थित एक छोटी ढोढ़ी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सुबह होते ही महिलाओं को पानी भरने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की जा रही है।

### वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

गर्मी बढ़ने के साथ 1 किमी दूर से पानी लाना और कठिन हो गया है। पण्डो बस्ती के लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्रीय विधायक से भी शीघ्र पहल करने की अपेक्षा जताई है।

**अटल आवास अधूरा**

श्याम सुंदर, सोनेलाल सहित अन्य हितग्राहियों ने बताया कि पानी के अभाव में अटल आवास अधूरा पड़ा है। अधूरा निर्माण होने के कारण पंचायत स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं। मजबूरी में पण्डो परिवार जंगल से बांस लाकर टोकरी और सुपा बनाकर आजीविका चला रहे हैं।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे समाज के लोग।

## यादवजी की लव स्टोरी फिल्म पर प्रतिबंध की मांग

**बैकुण्ठपुर।** यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ की कोरिया इकाई ने जिला अध्यक्ष राम विनोद यादव के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फिल्म के माध्यम से यादव समाज की छवि को कथित रूप से आपत्तिजनक और गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। पोस्टर, ट्रेलर एवं प्रचार सामग्री में समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले दृश्य एवं संवाद दिखाए जाने का आरोप लगाया गया है। यादव समाज ने फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 27 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की 27 फरवरी 2026 को दोपहर 1.00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्री राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्री सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## बच्चों में गैर-संचारी रोग विषय पर विचार संगोष्ठी

**बैकुण्ठपुर।** जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया एवं एमसीबी जिला प्रेस क्लब, जिला प्रशासन कोरिया तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय कोरिया में बच्चों में गैर-संचारी रोग उपाय एवं जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस संगोष्ठी का उद्देश्य प्रदेश में बढ़ती गैर-संचारी बीमारियों के प्रति समाज, अभिभावकों, स्वास्थ्यकर्मियों और जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना तथा ठोस समाधान की दिशा में सामूहिक पहल को बढ़ावा देना है। आज छग सहित पूरे देश में गैर-संचारी रोग एक नई और गंभीर स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों में बाल हृदय रोग, बाल मधुमेह, सिकल सेल एनीमिया तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष लगभग 4.3 करोड़ तथा भारत में करीब 58 लाख लोगों की मृत्यु गैर-संचारी रोगों के कारण होती है। इन बीमारियों का उपचार लंबा और महंगा होता है, जिससे प्रभावित परिवारों पर गंभीर आर्थिक एवं मानसिक दबाव पड़ता है। छग एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां अनेक क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एक बड़ी चुनौती है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अब गैर-संचारी रोग और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे भी तेजी से उभर रहे हैं। राज्य में लगभग 40 हजार लोग सिकल सेल रोग से प्रभावित बताए जाते हैं, जबकि करीब 3 लाख लोग इसके प्रसार वाहक हैं। यह स्थिति विशेष चिंता का विषय है और समय रहते व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान की आवश्यकता को दशार्ती है। संगोष्ठी में स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार तथा प्रशासनिक अधिकारी अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित जांच, संतुलित आहार, शारीरिक सक्रियता, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान तथा जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव जैसे उपायों पर रहेगा। वक्ताओं द्वारा यह भी रेखांकित किया जाएगा कि व्यवहार परिवर्तन जैसे तंबाकू से दूरी, पौष्टिक भोजन, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन इन रोगों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। आयोजकों ने विशेष प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों से आग्रह किया है कि वे इस संगोष्ठी में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने विचार प्रस्तुत करें। उनका मानना है कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका से जनसामान्य तक सही और वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाई जा सकती है, जिससे समाज में जागरूकता का व्यापक वातावरण तैयार होगा।




## वीबीजीरामजी को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम

### 26 जनवरी से 8 मार्च तक चलेगा अभियान




जन संवाद में उपस्थित श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के तहत आने वाले समय में पंजीकृत श्रमिकों को मिलने वाले प्रत्येक हितलाभ के संबंध में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार वीबी जीरामजी योजनांतर्गत लागू वैधानिक प्रावधानों और प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक के अधिकारों की विस्तृत जानकारी देने के लिए पूरे जिले में 26 जनवरी से अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना शिक्षा संचार के तहत इसकी निर्धारित रूपरेखा अनुसार प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विदित हो कि राज्य कार्यालय द्वारा आगामी 8 मार्च तक हर सप्ताह आईईसी गतिविधियों के विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के प्रति प्रत्येक व्यक्ति तक सूचना शिक्षा और संचार ले जाने के उद्देश्य को लेकर लगातार छ सप्ताह तक आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गत 26 जनवरी से पहले सप्ताह का आयोजन आरंभ कर हर सप्ताह पृथक गतिविधियों को आयोजित कर संवाद किया जा रहा है। लगातार छ सप्ताह यानी आगामी मार्च माह के पहले सप्ताह तक निरंतर आईइसी गतिविधियों का आयोजन कर जन-जन तक वीबी जीरामजी के तथ्यात्मक पहलुओं से प्रत्येक भ्रम दूर करते हुए श्रमिकों को मिलने वाले लाभ स्पष्ट तरीके से बताए जाएंगे।

### अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस

आईइसी गतिविधियों के दूसरे सप्ताह से पूरे जिले में सामूहिक संकल्प की गतिविधियों को आयोजित किया गया तथा इसके तहत सभी जगहों पर श्रमिकों को 125 दिवस के सुनिश्चित रोजगार की अधिकारिता से अवगत कराया गया। जिससे प्रत्येक श्रमिक इस योजना से खुद को जोड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हो सकेंगे, इससे योजना के प्रति सामूहिक प्रगाढ़ता का सकारात्मक वातावरण निर्माण हो सकेगा। ग्राम पंचायतों में आयोजित अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए जीरामजी में निष्ठापूर्वक सहभागिता का संकल्प दोहराया।

### विकसित भारत ग्राम संवाद

आईइसी गतिविधियों के तीसरे सप्ताह में विकसित भारत के लिए की लागू की जा रही इस योजना में पूरे जिले की ग्राम पंचायतों की भूमिका पर प्रत्येक चौपाल, ग्राम सभा, जनसभाओं में सरल संवाद किया गया। इसमें काम की अधिकारिता, सीधे डीबीटी से भुगतान, बेरोजगारी भत्ते जैसे प्रावधानों पर बात कर उपस्थित ग्रामीणों और श्रमिकों को वीबीजीरामजी के तहत अवगत कराया गया कि 125 दिन का रोजगार अब उनका अधिकार बन गया है।

## प्रतीक्षा बस स्टैंड में लोक माध्यम से गूंजे स्वास्थ्य संदेश

**बैकुण्ठपुर।** आमजन तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से कोरिया जिले के बस स्टैंड परिसर में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम (फोक मिड-मीडिया एक्टिविटीज) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में हृदय रोग, बाल मधुमेह (टाइप-1 डायबिटीज) तथा सिकल सेल रोग के प्रति समुदाय में व्यापक जागरूकता बढ़ाना रहा। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ छग एवं एमसीसीआर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ.गजेन्द्र सिंह तथा एमसीसीआर के परियोजना निर्देशक डी. श्याम कुमार अपनी टीम के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, बचाव एवं समय पर उपचार के महत्व में बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषयों को स्थानीय लोक संस्कृति के माध्यम से सरल और रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, संगीत और नाट्य मंचन के जरिए मानसिक तनाव के लक्षण, बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पहचान, टाइप-1 डायबिटीज के लक्षण तथा सिकल सेल रोग की जांच और उपचार संबंधी जानकारी दी।



### रायपुर से पहुंची ई-ऑफिस टीम ने दिया विस्तृत प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन एवं विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के सुचारू उपयोग के उद्देश्य से रायपुर से आई ई-ऑफिस टीम द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में टीम के सदस्य निखिल साहू एवं विनोद देवांगन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली, इस्पारो पोर्टल गोपनीय प्रतिवेदन के लिकए, आईपीआर एवं अचल संपत्ति विवरण तथा ई-एचआरएमएस 2.0 पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल जैसे अवकाश, उच्च शिक्षा, सर्विस बुक एवं फॉरेन विजिट संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, प्रोफाइल अपडेट करने की विधि एवं नोडल आईडी प्राप्त करने की आवश्यक प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम को दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में जिले के विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जबकि द्वितीय सत्र में जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लेकर पोर्टलों के उपयोग एवं संचालन की बारीकियों को समझा।

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 08 मार्च 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के ( चौथा रविवार )
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार )
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 मार्च, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 1 मार्च 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहू बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 09 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

वरिष्ठ न्यूरोसर्जन
डॉ. एम.के. तिवारी
(एम.एस., एम.सीएच - न्यूरोसर्जरी)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी (ब्रेन व स्पाईन) रोग विशेषज्ञ
ट्रॉमा एवं न्यूरो इमरजेंसी हेतु 24×7 सेवाएँ उपलब्ध
सिटी क्लिनिक जे जे एच (जिला चिकित्सालयके सामने) में भी प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 07:00 बजे तक परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।
ओ.पी.डी.में निःशुल्क परामर्श
दिनांक 23 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक
Jeevan Jyoti Hospital
जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैंड के पास, दर्रीपारा, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

Apollo Cancer Centres
"कैंसर पर जीत संभव है"
और अब यह इलाज Navjeevan Cancer Hospital, Ambikapur में भी उपलब्ध होगा Apollo ke विशेषज्ञ onco-surgeon के साथ।
प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को
दिनांक 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार
समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कैंसर के लक्षण
• मोल्स या मस्सा में स्पष्ट परिवर्तन • महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गांठ • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
• मल एवं पेशाब में दर्द व रक्त • त्वचा का काला या पीला पड़ना • गले में लगातार दर्द का होना
• मुंह में लगातार छाले होना • लगातार उल्टी, दस्त व अपचन • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
डॉ.अमोल पड़ेगांवकर
एम.एस.डी.एन.बी.
(सर्जिकल ऑंकोलॉजी)
सलाहकार व चिकित्सक अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल 98938 95889, 9479131664, 7777879370

## खबर संक्षेप



### असाक्षरों को मुख्यधारा से जोड़ने 15 मार्च को होगा महा परीक्षा अभियान

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षिक नवाचार के तहत व्यापक साक्षरता अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य ऐसे सभी महिला एवं पुरुषों को शिक्षित करना है जिनकी आयु 15 वर्ष से अधिक है और जो अब तक हस्ताक्षर के स्थान पर अंगूठा लगाते हैं या अक्षर ज्ञान से वंचित हैं। कलेक्टर जनदर्शन, अनुभाग स्तरीय जनदर्शन, जिला एवं विकासखंड कार्यालयों में आवेदन लेकर आने वाले नागरिकों, ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, बैंकों में आने वाले खाता धारकों तथा शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में कार्यरत असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। ऐसे सभी लोगों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर संकलित कर जिला एवं विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा संबंधित व्यक्तियों को उनके ही पारा, टोला और मोहल्ले में उल्लास स्वयंसेवकों के माध्यम से पढ़ाया-लिखाया जाएगा, ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इसके पश्चात 15 मार्च को आयोजित होने वाले महा परीक्षा अभियान में उन्हें शामिल कराया जाएगा।

### होली और रमजान को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**शंकरगढ़।** होली और रमजान माह को लेकर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर विचार-विमर्श करना था। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लोगों से आपसी सहयोग, संयम और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की बात कही। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान स्थानीय समस्याओं को भी प्रशासन के समक्ष रखा गया। बचवार क्षेत्र में बने स्पीड ब्रेकरों को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बताया गया कि ब्रेकरों पर प्रशासन द्वारा सफेद रेडियम या पेंट नहीं किया गया है, जिससे रात के समय वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। क्षेत्र में चार ब्रेकर बने होने के बावजूद उनकी सही पहचान नहीं होने से आए दिन हादसे की आशंका बनी हुई है। इस पर प्रशासन से जल्द सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की गई। बैठक में थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी से त्योहारों के दौरान अनुशासन बनाए रखने कहा। विशेष रूप से होली के दौरान शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जन प्रतिनिधि, कांग्रेस एवं भाजपा के पदाधिकारी, स्थानीय लोग, ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद अध्यक्ष, तहसीलदार तथा थाना प्रभारी सहित विभिन्न सामाजिक और प्रशासनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठन पुनर्गठन का शंखनाद



**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक अध्यक्ष श्रीमती विद्यात्रि सिंह देव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बनाने को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। अध्यक्ष विद्यात्रि सिंह देव ने कहा कि आने वाला समय संगठनात्मक मजबूती का है। बूथ से लेकर सेक्टर और ब्लॉक स्तर तक व्यापक बदलाव किए जाएंगे, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी और सम्मान मिले। नई कार्यकारिणी का गठन पारदर्शिता, सक्रियता और समर्पण को आधार बनाकर शीघ्र किया जाएगा। बैठक में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रावेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, संतोष सारथी, अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, राजू गुप्ता, जमशेद सहित युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस तथा समस्त बूथ अध्यक्षों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन पहले की भावना के साथ कार्य करने की बात कही। सभी ने एकमत होकर संकल्प लिया कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा और ब्लॉक स्तर पर संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान दी जाएगी।

## साल 2014 में 35 लाख की लागत से कराया गया था निर्माण

# देखरेख के अभाव में ग्राम पंचायत कलामांजी स्थित सामुदायिक भवन खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

शासन प्रशासन द्वारा गांव के विकास के लिए कई विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं को लाभ न सिर्फ ग्रामीणों को मिल रहा है बल्कि गांव का विकास भी हो रहा है। ग्रामीणों को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या शादी विवाह जैसी कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रख ग्राम पंचायतों में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। ग्राम पंचायत कलामांजी में भी लाखों की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया परंतु देखरेख के अभाव में भवन अब खंडहर में तब्दील हो गई है जिससे गांव के लोग सामुदायिक भवन से वंचित है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी ग्राम पंचायत को नहीं है बावजूद इसके भवन मरम्मत के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं होने से सामुदायिक भवन की हालत दयनीय हो गई है।

**खास बातें**

- सामुदायिक भवन के खिड़की, दरवाजा ले उड़े चोर
- ग्रामीणों की भवन मरम्मत कराने की मांग

ओड़गी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलामांजी में साल 2014 में लगभग 35 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। इधर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण होने से गांव के लोगों को विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम तथा वैवाहिक कार्यक्रम के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध गई और ग्रामीण काफी खुश नजर आए। परंतु ग्रामीणों की खुशी उस समय बदल गई जब देखरेख के अभाव में सामुदायिक भवन खंडहर में तब्दील हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2014 में लगभग 35 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र के विकास और जन सुविधा के उद्देश्य से निर्मित सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया परंतु मरम्मत और नियमित देखरेख के अभाव में यह भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। जिस भवन से गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक और युवा गतिविधियों को नई दिशा मिलनी थी, वह आज बदहाली की मार झेल रहा है। भवन परिसर में चारों ओर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं और कचरा व में गंदगी का अंबार लगा है। दीवारों की पुताई झड़ रही है, प्लास्टर उखड़ चुका है और छत की स्थिति भी दयनीय हो गई है। हालत इतनी बदहाल है कि भवन के खिड़की-दरवाजे तक चोरी हो चुके हैं। सुरक्षा और रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं होने से यह भवन अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। ऐसे में समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने दिनों में भवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगी।



जर्जर सामुदायिक भवन।

### अनुपयोगी हुआ सामुदायिक भवन

अमूमन ग्राम पंचायत में कोई न कोई सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन की जाती है। ऐसे में गांव में सामुदायिक भवन होने से आयोजन में परेशानी नहीं होती लेकिन सामुदायिक भवन के जर्जर हो जाने से अब लाभ नहीं मिल रहा है और सामुदायिक भवन के अभाव में गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक भवन होने से इसका लाभ हर वर्ग को मिलता है। वैवाहिक कार्यक्रम हो या पंचायत स्तर के विभिन्न आयोजन सभी आयोजन में सामुदायिक भवन होते थे लेकिन भवन की दयनीय हालत हो जाने से गांव के लोग सामुदायिक भवन की सुविधा से वंचित है और भवन अनुपयोगी हो गया है।

#### युवाओं को मिलता लाभ

भवन निर्माण के पूर्ण होने के पश्चात सामुदायिक भवन को ग्राम पंचायत को हैंडओवर किया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस भवन का सही संचालन किया जाता तो यहां जिम सेंटर, युवा प्रशिक्षण केंद्र, सामुदायिक कार्यक्रम या खेल गतिविधियों की शुरुआत हो सकती थी। इससे युवाओं को रोजगार और स्वास्थ्य दोनों का लाभ मिलता। लेकिन वर्षों से ताला लटका रहा और अब भवन अपनी बदहाली का आंसू बहा रहा है।

### कराई जाएगी मरम्मत

सामुदायिक भवन काफी जर्जर हालत में है और पंचायत मद से राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण मरम्मत नहीं हो सका है। राशि उपलब्ध होने के बाद मरम्मत कराया जाएगा।

-**अर्जुन सिंह नेताम**, सरपंच कलामांजी

# बिक्री किए जमीन के पैसें में हिस्सेदारी मांगने पर पेट्रोल डाल बेटा को जलाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पंचायत चुनाव के लिए बिक्री किए जमीन के पैसों में से जब बडे बेटा ने अपने हिस्से का पैसा मांगा तो पिता ने न सिर्फ पत्नी व छोटे बेटा के साथ मिलकर जमकर मारपीट की बल्कि पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। आग से गंभीर रूप से झुलसे युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनकुरी कौशल राम आ. शवि शंकर यादव (28 वर्ष) 13 फरवरी की रात पिता शिवशंकर से बिक्री किए जमीन के पैसा की बटवारा करने तथा अपने हिस्से के पैसा की मांग कर रहा था जिस पर पिता ने पैसा देने से इनकार कर पुत्र से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता शिव शंकर ने पत्नी चद्रमुनि भगत, पुत्र अंकुर यादव के साथ मिलकर कौशल की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट करने बाद पिता ने घर में रखे पेट्रोल को कौशल के ऊपर डालकर आग लगा दी जिससे पुत्र कौशल गंभीर रूप से झुलस गया। पति की हालत गंभीर होने पर पत्नी कामना ने पति को नारायणपुर अस्पताल में भर्ती कराई। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिन चले उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने युवक की छुट्टी कर दी। 23 फरवरी की रात जब पत्नी भोजन कराने के बाद पति को दवा खिला रही थी तभी कौशल की तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजन कौशल को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कामना ने पुलिस को बताया कि 2-3 साल पूर्व ससुर शिव शंकर पंचायत चुनाव के लिए 5 डिसमिल जमीन को बेच दिया था। पति ने बेचे गए जमीन के पैसा में अपनी हिस्से का पैसा मांगा तो ससुर ने उसके पति के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी में है।

# बजट को भाजपा ने बताया दूरदर्शी, कांग्रेस ने कहा- आंकड़ों का खेल

**सूरजपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर भाजपा व कांग्रेस अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा ने जहां बजट को विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने दूरदर्शी बजट बताया है तो वहीं कांग्रेसी ने बजट को केवल आंकड़ों का खेल है और कुछ नया नहीं बल्कि पुरानी योजनाओं को दोहराने वाला बजट बताया है।

### विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा तय करने वाला बजट



राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने बताया कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी बजट है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु 1400 करोड़, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के लिए 5000 करोड़ तथा शिक्षा एवं अधोसंरचना विकास के प्रावधान आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ने का रोडमैप है।

### किसान एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता कपिल पांडेय ने कहा कि यह बजट प्रदेश के किसानों और युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया दूरदर्शी एवं विकासोन्मुख बजट है, जो आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजय अग्रवाल ने कहा कि यह बजट किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं कृषि श्रमिक परिवारों को सशक्त बनाने वाला है।उन्होंने कहा कि किसानों के लिए ब्याज मुक्त निधि हेतु 350 करोड़, सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रावधान से खेती को मजबूती मिलेगी। भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के लिए 600 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण समाज के कमजोर वर्गों के लिए बड़ा सहारा बनेगा।

### शहरी विकास और अधोसंरचना को नई गति देने वाला बजट



राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने कहा कि यह बजट शहरी विकास, सड़क निर्माण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार को नई गति देने वाला है। मुख्यमंत्री सड़क योजना हेतु 200 करोड़, शहरों को जोड़ने वाली परियोजनाएं, शहरी अधोसंरचना एवं एजुकेशन सिटी जैसे प्रावधान प्रदेश के नगरों को आधुनिक स्वरूप प्रदान करेंगे। नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों से व्यापार, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का रोडमैप



भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रितेश गुप्ता ने विधानसभा में प्रस्तुत बजट को समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। बजट में राजकोषीय अनुशासन और विकास के बीच बेहतर संतुलन बनाया गया है, जो राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक हितों को सुरक्षित करता है। रोजगार सृजन और अधोसंरचना के लिए जो वित्तीय आवंटन किया गया है, वह भविष्य के 'विकसित छत्तीसगढ़' की आधारशिला रखेगा।

### बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देगा



भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला और विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज है। बजट में युवाओं के लिए स्वरोजगार, स्टार्टअप और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है।प्रदेश में नए कॉलेजों की स्थापना और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा।

### किसानों के लिए बजट में कुद नहीं



पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2026 में किसानों को झुनझुना दिया गया है वैसे ही किसान इस बार की धान खरीदी से काफी परेशान थे। धान खरीदी में अव्यवस्थाओं के कारण किसान अपना धान नहीं बेच सके और अब इस बजट में भी किसानों के फायदे के लिए कुछ निर्णय नहीं लिया गया है। यह बजट केवल पूंजीपतियों के मंशा अनुरूप बनाया गया है किसान और आम जनता को बजट से किनारा किया गया है।

### शहरों के विकास के लिए बजट में कुछ नहीं



शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया ने बताया कि इस बजट में शहरों के विकास व सुंदरता के लिए कोई योजना नहीं लाई गई है।चुनाव के समय बड़े बड़े वादे किया गया था लेकिन जब भाजपा सत्ता में आयी तो उन वादों को भूल गई शहरों में काफी अव्यवस्थाए है। सड़क,नाली एवं पानी की काफी समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

### बजट में कुछ नया नहीं



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में कुछ भी नया नहीं है। पुरानी योजनाओं को दोहराया गया है जो योजनाएं वर्षों से चल रही है। किसान,युवा व मजदूर सब सरकार से काफी परेशान है और इस बजट में ऐसी किसी भी योजना को शामिल नहीं किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ का विकास हो सके।

### युवा व छात्र विरोधी बजट



एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को लेकर बताया कि यह बजट भी पहले की तरह जुमला वाला बजट है। प्रदेश के स्कूल व कॉलेज के भवन खंडहर हो चुके है उसके सुधार के लिए कोई योजना नहीं है। अच्छी शिक्षा के लिए प्रदेश से बाहर जाना पड़ रहा है।युवा बेरोजगारी के ओर बढ़ते जा रहे है उनके लिए कोई योजना नहीं है यह बजट केवल युवा व छात्र विरोधी बजट है।

### बजट केवल आंकड़ों का खेल



कुसुम लता राजवाड़े ने प्रस्तुत राज्य बजट को पूरी तरह निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा है कि यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। ओपी चौधरी द्वारा पेश किया गया बजट केवल आंकड़ों का खेल है, जिसमें जमीनी विकास की स्पष्ट दिशा नजर नहीं आती। बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के हितों की अनदेखी की गई है। रोजगार सृजन, महंगाई नियंत्रण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर बजट में ठोस पहल नहीं दिखाई देती।

### बस्तर व सरगुजा के लिए कुछ नहीं



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कृष्ण ओझा ने बताया कि बजट बस्तर और सरगुजा निवासियों के लिए कुछ नहीं है। शब्दों के मायावी मकड़जाल से जनता को भरमाने की भाजपाई परंपरा का पालन करता हुआ बजट है। बस्तर सरगुजा के निवासियों को झुनझुना पकड़ा कर क्षेत्र के नैसर्गिक सौंदर्य को नष्ट कर उद्योगपतियों के हाथों सौंपने की योजना है।

### किसानों के हित में है छत्तीसगढ़ का बजट



किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने वाला है। प्रस्तुत बजट में कृषि और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। बजट में कृषि, सिंचाई, समर्थन मूल्य, बोनस और ग्रामीण अधोसंरचना को विशेष महत्व दिया गया है। किसानों और कृषि मजदूरों के हित में कई बड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्नत बीज, खाद की उपलब्धता और सिंचाई योजनाओं के विस्तार से छोटे एवं सीमांत किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।यह बजट केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम है।

### संकल्प के थीम पर आधारित है बजट



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल का तीसरा बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में पेश किया। बजट पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने बताया कि साय सरकार का तीसरा बजट ज्ञान और गति के बाद संकल्प के थीम पर आधारित है जिसका अर्थ समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक है।

### विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को मिलेगा सशक्त आधार



**प्रतापपुर।** वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट पर विधायक शकुंतला सिंह ने बताया कि बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और जनकल्याण के लिए समर्पित एक संतुलित एवं दूरदर्शी बजट है। यह बजट किसानों के कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा अधोसंरचना विकास को नई दिशा देने वाला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, सड़क और सिंचाई जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किए गए विशेष प्रावधान प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। यह बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करने वाला है।

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. /ब121/21-22-2026

**// ईश्तहार //**

ग्राम पम्पापुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोला शंकर आ. सोनू राम जाति अगरिया ग्राम पम्पापुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्व. सीताराम पिता रूपन जाति अगरिया का मृत्यु दिनांक 29/12/2021 हो गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/03/2026 को न्यायालीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक-25/02/2026 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**लिंक कोर्ट देवनगर**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. संदीप टी - साइक्रीट्रिक्स मनोरोग विशेषज्ञ
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज अब सिटी हॉस्पिटल अंबिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार और रविवार,
(इस माह 14 और 15 मार्च 2026 ) को उपलब्ध रहेंगे
सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धंजल कॉम्पलेक्स
रिंग रोड अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP- 5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
अगर आप दर्द की दवाई खाकर या फिजियोथेरेपी कराके परेशान हैं तो अवश्य मिलें



• बिना चीरफाड़ के अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ईलाज
• TFESI/इंजेक्शन द्वारा ईलाज
• लेजर रेडिओफ्रेंकैंसी अबलेशन मशीन द्वारा दर्द का ईलाज
• स्टेम सेल/ पीआरपी ट्रीटमेंट (Regeneration Therapy)
• ओजोन थेरपी (स्लिप डिस्क एवं जोड़ों का दर्द)
SCOPE OF TREATMENT
• कमर दर्द
• साइटिका
• गर्दन का दर्द
• नसों का दर्द
• चेहरे पर करेंट जैसा दर्द
• या दांतों का दर्द
• कैंसर का दर्द
• घुटने या जोड़ों का दर्द
• अन्य कोई दर्द भी गठिया या पुराना दर्द
समय : शनिवार सुबह 10 से 3 बजे तक, रविवार सुबह 10 से 1 बजे तक
88770826055, +919827731775, 6261827790

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ओपीएस में राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप 18 अप्रैल से

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में 18 एवं 19 अप्रैल को राज्य कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी ओपीएस के संस्थापक प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी एवं कराटे एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष अनिल बर्नवाल ने दी। प्राचार्य श्री सूरी ने बताया कि अप्रैल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में आने वाले अधिकारियों, जज, रेफरी एवं खिलाड़ियों की सभी व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन करेगा। कराटे एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष सह छत्तीसगढ़ रेफरी कमीशन के अध्यक्ष अनिल बर्नवाल ने बताया कि स्पर्धा 11 एवं 12 अप्रैल को ओपीएस प्रांगण में आयोजित होगी, जिसमें राज्य भर से विभिन्न आयु एवं भार वर्ग की भागीदारी करेंगे। प्रतियोगिता में लगभग 30 रेफरी एवं जज के साथ प्रदेश कराटे एसोशिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मेंटर- मेंटी कार्यशाला में रोजगार के अवसरों पर हुई चर्चा



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा बुधवार को मेंटर–मेंटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष बेनी प्रसाद डेहरिया ने कहा कि वर्तमान समय में भूगोल विषय में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए सही मार्गदर्शन, कौशल विकास एवं निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों जैसे—जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग, आपदा प्रबंधन, शहरी एवं ग्रामीण नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, सर्वेक्षण कार्य, प्रतियोगी परीक्षाएं (यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम), शिक्षण एवं शोध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।अंत में विद्यार्थियों ने करियर संबंधी प्रश्न पूछे तथा उच्च शिक्षा, शोध, कौशल विकास पाठ्यक्रमों एवं इंटर्नशिप के अवसरों पर भी चर्चा की।

### महिला मोर्चा ने युकां के विरूद्ध किया प्रदर्शन, फूंका पुतला



**अम्बिकापुर।** भारत मंडपम में युकां के अमर्यादित प्रदर्शन के विरोध में घड़ी चौक पर भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान शुभांगी बिहाड़े ने कहा कि एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि देश की गरिमा और संस्कृति पर सीधा आघात है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अराजकता की राजनीति कर रहे हैं। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन अशोभनीय और अमर्यादित आचरण को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार की राजनीति से देश की छवि धूमिल होती है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, जिला महामंत्री अरुणा सिंह, मधु चौदाहा, माया मिश्रा, सावित्री जायसवाल, प्रिया सिंह, निशांत सिंह सोलू, आनंदी बड़ा, गुंजन सिंह देव, सरिता मिश्रा, अल्पना मिश्रा, महामंत्री नीलू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फुट ओवर ब्रिज, डिजिटल डिस्प्ले स्थापित करने आदेश जारी

# मार्च से शुरू होगा रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बिलासपुर में आयोजित बैठक में सरगुजा क्षेत्र से जुड़े रेलवे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने बताया कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण कार्य मार्च माह से प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन में 20 फीट चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा डिजिटल कोच डिस्प्ले प्रणाली की स्थापना के लिए कार्यादेश जारी किए गए हैं। रेलवे स्टेशन में एक अतिरिक्त मार्ग विकसित करने संभावना का परीक्षण कराया जा रहा है वहीं अंबिकापुर स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र प्रारंभ करने रेलवे महाप्रबंधक ने अनुमोदन दिया है।

बैठक में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण की स्वीकृति, टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई। इस मुद्दे को उठाते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि अतिरिक्त प्लेटफार्म की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण ट्रेन परिचालन में निरंतर असुविधा हो रही है साथ ही यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्धारित समयावधि का लगभग आधा समय बीत चुका है, इसके बावजूद कार्य प्रारंभ न होना प्रशासनिक उदासीनता और यात्रियों के प्रति अन्यायपूर्ण रवैया दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद अंबिकापुर में यात्री सुविधाओं का पर्याप्त सुदृढ़ीकरण नहीं किया गया है, जबकि यहां यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रेलवे प्रबंधन ने बताया कि अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण प्रारंभ करने के लिए अंबिकापुर स्थित गुड्स शेड का कार्य 1 मार्च से रोक दिया गया है, जिसके बाद यह क्षेत्र अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए उपलब्ध हो जाएगा। अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा डिजिटल कोच डिस्प्ले प्रणाली की स्थापना हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं।



रेल अधिकारियो के साथ सलाहकार समिति के सदस्य।

### अप्रैल के पूर्व पूरी होगी पिट लाइन

पिट लाइन निर्माण कार्य को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। जेडआरयूसीसी सदस्य द्वारा पिट लाइन कार्य को तेजी से किए जाने की मांग पर रेलवे प्रशासन ने चालू वित्तीय वर्ष के भीतर इस कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। स्टेशन तक पश्चिम दिशा से पृथक पहुंच मार्ग की मांग पर अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में राज्य शासन के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इसकी संभावना का परीक्षण कराया जाएगा। प्रस्ताव के तकनीकी, भूमि उपलब्धता एवं यातायात दृष्टि से व्यवहार्य पाए जाने पर नियमानुसार इसके निर्माण की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की स्वीकृति देने की जानकारी दी।




## ब्रेक फेल होने के बाद पीछे दौड़ने लगी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- खड़ी इनोवा को मारी टक्कर, चार घायल

एनएच 43 पर मंगलवार को उस समय यात्रियों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब यात्रियों से भरी जय मां महामाया बस सर्विस की कंडम बस का ब्रेक फेल हो गया तथा बस बैक गीयर में तेज रफ्तार से एक किमी तक पीछे की ओर दौड़ती रही। इस दौरान अनियंत्रित बस ने पीछे से आ रही एक इनोवा कार को भी टक्कर मार दी।

रोज की तरह मंगलवार को जय मा महामाया बस सर्विस की 19 वर्ष पुरानी कंडम बस क्रमांक सीजी 15 ए 5435 सीतापुर से यात्रियों को लेकर अम्बिकापुर आ रही थी। बस बतौली बस स्टैंड में रुकी तथा यात्रियों को लेकर जैसे ही अंबिकापुर की ओर बढ़ी अचानक ही बस का ब्रेक फेल हो गया तथा बस तेज रफ्तार से बैक गीयर में एनएच पर पीछे की ओर दौड़ने लगी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई तथा भीषण दुर्घटना होने के भय से यात्री अपनी जान बचाने नीचे कूदने लगे। गनीमत रही कि इस दौरान एनएच पर वाहनों का आवागमन कम था अन्यथा भीषण दुर्घटना हो सकती थी। यात्री बस एक किमी दूर बतौली चौक तक पीछे की ओर दौड़ती रही। चौक पर बाहर से इनवा क्रमांक यूपी 14बीजेड 4743 के चालक चौक के निकल फल खरीद रहे थे जबकि चार व्यक्ति कार में बैठे थे। पीछे दौड़ रही यात्री बस ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं टक्कर मारने के बाद यात्री बस खड़ी हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

## नाबालिग के अपहरण की अफवाह से हड़कंप

- डीएवी स्कूल ने अभिभावकों के लिए एडवाजरी जारी कर बच्चों को अकेले स्कूल न भेजने किया आह्वान, बिश्रामपुर व साइबर सेल पुलिस टीम ने शुरू की जांच, एक कार को पूछताछ के बाद छोड़ा गया

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम कुंजनगर के अवराडुग्गू मोहल्ले में बुधवार की सुबह शासकीय मिडिल स्कूल की कक्षा सातवीं की नाबालिग छात्रा को कथित रूप से कार सवार युवकों द्वारा अगवा करने के प्रयास की फैली खबर से नगर में हड़कंप मच गया,सूचना मिलते ही पुलिस अमला दिनभर जांच में जुटा रहा,मामले की गंभीरता को देखते हुए सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने तत्काल बिश्रामपुर और जयनगर थाना पुलिस के साथ साइबर सेल को जांच में लगाया और स्वयं पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग करते रहे,पुलिस की सक्रियता से कुछ ही घंटों में संदिग्ध कार को पकड़ लिया गया,कार सवार युवकों से पूछताछ की जा रही है,पकड़ी गई संदिग्ध कार शिवनन्दनपुर के तलवापारा की बताई गई है,हालांकि अब तक की जांच में अपहरण जैसी घटना होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है,पुलिस का कहना है कि मामला नाबालिग छात्रा से जुड़ा है, इसलिए हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, शासकीय माध्यमिक शाला स्टेशनपारा अवराडुग्गू में अध्ययनरत नाबालिग छात्रा सुबह लगभग 9.45 बजे घर से पैदल स्कूल के लिए निकली थी,स्कूल एनएच-43 स्थित सिंह पेट्रोल पंप के समीप है,छात्रा का कहना है कि स्कूल से करीब 200 कदम पहले कार सवार चारसे पांच युवकों ने उसे जबरन वाहन में बैठाने की कोशिश की,आरोप है कि युवकों ने रुमाल में कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने का प्रयास किया लेकिन छात्रा ने विरोध करते हुए एक युवक के हाथ पर दांत से काट लिया और वहां से भागकर स्कूल पहुंच गई।

स्कूल पहुंचकर उसने रोते हुए शिक्षिकाओं को घटना की जानकारी दी। हेडमास्टर संजीदा,शिक्षिका रश्मि मसीह और पूनम चौहान ने तत्काल संकुल समन्वयक को सूचित कर छात्रा को लेकर घटनास्थल पहुंचीं और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध वाहन को ट्रेस कर कुछ ही घंटे में थाने ले आया। छात्रा से कार सवारों की पहचान कराई जा रही है साथ ही पुलिस अन्य एंगल से भी जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला छात्रा से छेड़छाड़ के प्रयास का है या अफवाह। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व नगर के इतवारी बाजार क्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा के अपहरण के असफल प्रयास की भी चर्चा रही थी, जिसकी अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है,बुधवार को भी नगर में बच्चा चोर गिरोह की अफवाह दिनभर फैलती रही। इसी मामले को लेकर डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के लिए एक एडवाइजरी जारी कर मोबाइल में मैसेज भेजा गया है जिसमें बच्चा चोर गिरोह से सतर्क रहने एवं विद्यार्थियों को अकेले स्कूल के रास्ते में ना भेजने आह्वान किया गया है जिससे दिन भर नगर में चर्चा का केंद्र बना रहा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और अफवाहों पर ध्यान न देने आह्वान किया है।



## युवक कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- फूंका पीएम व पुलिस का पुतला

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेस सरगुजा ने जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में घड़ी चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच विवाद की स्थिति बनी जिसके बाद युवा कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन का भी पुतला फूंका। वहीं इस मामले में पुलिस जवान की शिकायत पर युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के विरूद्ध धारा 296, 132 व 221 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

कांग्रेस का आरोप है कि एपस्टीन फाइल में मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और उद्योगपति मित्रों का नाम आने के दबाव और अमेरिका के कोर्ट में फंसे अडानी को बचाने के लिये मोदी सरकार ने ट्रंप के सामने सरेंडर करते हुए देश के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाने वाला ट्रेड डील कर लिया है। मोदी सरकार के इस सरेंडर नीति के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से एआई समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन किया था। इस लोकतांत्रिक विरोध से बौखलायी केंद्र सरकार ने युवा कांग्रेस के खिलाफ देश भर में दमन चक्र चलाया हुआ है। युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। इसके विरोध में युवा कांग्रेस सरगुजा ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा कि कांग्रेस ने अहिंसात्मक ढंग से विरोध प्रदर्शन का अधिकार गांधी जी से सीखा है। इस दौरान गुरप्रीत सिद्धू, आलोक सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, उत्तम रजवाड़े, सतीश बारी, विष्णु सिंहदेव, आशीष जायसवाल, आकाश अग्रहरि, विकास केसरी, सतीश घोष, संजर नवाज़, भोले रजवाड़े, आकाश यादव, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, दीपेंद्र मंडल, सौरभ मिस्तरी, आयुष सिंह, सुजय मंडल, लोलर सिंह, आदि उपस्थित थे



### पुलिस के साथ झूमाझटकी और विवाद

पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। बात एफआईआर करने तक पहुंच गई थी। इस पुतला दहन के कुछ समय पहले भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा बेरोकटोक राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया था तब पुलिस मूकदर्शक बनी रही, लेकिन युवा कांग्रेस के पुतला दहन को रोकने के लिए पुलिस ने काफी जद्दोजहद की। इस दोहरे रवैये के कारण कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर हंगामा हुआ। बाद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के हस्तक्षेप से मामला सुलझा।

**घटना में उपयोग हुई एक इनोवा और एक सेल्टोस कार हुई जप्त**

## स्टेट हाईवे में यातायात बाधित कर जन्मदिन मनाने मामले में फरार चल रहे दो और आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर-बनारस अंतर्राज्यीय मार्ग पर सोनवाही स्थित आरव रेस्टोरेंट के सामने सड़क पर चारपहिया वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाने और आतिशबाजी कर यातायात बाधित करने के मामले में लटोरी पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,गौरतलब है कि गत दिनों 16 फरवरी की रात अमितेश गुप्ता व उसके साथियों द्वारा लोक मार्ग पर वाहन खड़े कर बर्थडे सेलिब्रेशन करते हुए आतिशबाजी की गई थी, जिससे स्टेट हाईवे पर काफी देर तक आवागमन प्रभावित हुआ था और एक एम्बुलेंस भी फंसी रह गई थी, उक्त मामले में लटोरी पुलिस ने धारा 285,126(2), 287,288 बीएनएस तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 184,201 के तहत कार्रवाई करते हुए 20 फरवरी को सात आरोपियों कर्मशः अमितेश गुप्ता,अंशुल अग्रवाल, प्रथम अग्रवाल,शुभम अग्रवाल, महेश साहू,निखिल रामा एवं अरुण देवांगन को गिरफ्तार कर कोतवाली थाना से शहर में पैदल जुलूस निकालकर सूरजपुर न्यायालय पेश किया था,मामले में दो आरोपी अभिषेक और अनमोल फरार चल रहे थे,एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर फरार आरोपियों की तलाश तेज की गई। विवेचना के दौरान मिली सूचना के आधार पर लटोरी पुलिस ने अभिषेक गुप्ता पिता विजय गुप्ता, निवासी केनापारा बिश्रामपुर और अनमोल चौधरी पिता सुरेन्द्र चौधरी निवासी अम्बिकापुर को दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक इनोवा एवं एक किया सेल्टोस कार जब्त की गई है,दोनों को गिरफ्तार कर बुधवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पेज 1 के शेष...

### पीलिया से मौतों के बाद कांग्रेस ने...

मौतों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। बता दें शहर में इन दिनों पीलिया का प्रकोप हावी है। शुरुआत में शहर के नवागढ़ और मोमिनपुरा में पीलिया के मरीज सामने आए लेकिन अब पीलिया के संक्रमण का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। घुटरापारा के बाद अब शहर के नमनाकला खटिकपारा और नवापारा क्षेत्र के झंझटपारा क्षेत्र में पीलिया के कारण मौतें हो गई। खटिक पारा में 23 फरवरी को 13 वर्षीय बच्चे दिव्यांश राय आ.प्रेमा राय और झंझटपारा में 22 फरवरी को सोना लाल नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पीलिया के बढ़ते प्रकोप और मौतों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को नगर निगम के नवीन प्रशासनिक भवन का घेराव किया। जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक और ननि नेताप्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कोठीघर से रैली निकाली। रैली गौरवपथ होते हुए प्रशासनिक भवन पहुंची। घेराव के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और बेरिकेड्स लगाकर ननि के गेट को घेरा गया था लेकिन यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बेरिकेटिंग तोड़ दिया। कार्यकर्ता बेरिकेट्स को पार करते हुए कार्यालय के मुख्य गेट तक पहुंच गए और गेट को फांदकर परिसर के अंदर दाखिल हो गए। कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में जमकर नारेबाजी की और महापौर के इस्तीफे की मांग की।

### पीलिया संबंधी सूचना पर निगम...

वार्डों में प्रतिदिन की जा रही है। वर्तमान में नगरीय क्षेत्र में किसी प्रकार की व्यापक संक्रमण अथवा महामारी की स्थिति नहीं है। निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सफाई अभियान, नाली सफाई, जल प्रदाय नेटवर्क में संभावित लीकेज की पहचान एवं सुधार कार्य किया जा रहा है। साथ ही अन्य वार्डों से भी जल नमूने लेकर परीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

### जंगल में लकड़ी लेने गई अधेड़...

ग्राम पंचायत बरिमा अंतर्गत पकरीपारा बस्ती के निकट पुहंच गए थे। सूचना पर वनकर्मियों ने गजराज वाहन की मदद से खदेड़ दिया था। इस घटना के बाद वनकर्मी रात में नियमित गजराज वाहन से सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। इधर सीमावर्ती कापू जंगल में हाथियों की मौजूदगी से अनजान बरिमा पकरीपारा निवासी एतवारी पति सांझू माझी (65 वर्ष) मंगलवार को सुबह 11 बजे लकड़ी लेने कापू जंगल की ओर गई थी। महिला मैनपाट की सीमा से 3 किमी दूर कापू जंगल आरएफ 19 स्थित बांस प्लांटेशन के पास पहुंच गई। इस दौरान बांस रोपणी में मौजूद हाथियों ने महिला पर हमला कर दिया तथा पटकने के बाद उसे कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत होने के बाद भी हाथी उसकी लाश को पैरों से मार कर फुटबाल की तरह इधर-उधर उछालते रहे। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। देर रात तक वह घर नहीं लौटी तो परिजन उसे आसपास में तलाश रहे थे। सुबह जंगल में मवेशियों को चराने पहुंचे ग्रामीणों ने शव को देखा तो परिजन को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन मृतिका की लाश घर लाए। घटना स्थल सीमावर्ती कापू जंगल होने के कारण इस संबंध में सारी प्रक्रिया कापू रेंज के वन अधिकारियों ने पूरी की।

### जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 27 को

**बलरामपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, जल संसाधन, उद्यान एवं श्रम विभाग के अंतर्गत विभागीय योजना की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

